St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

FOR GOD AND COUNTRY

Hindi Grammar : (2nd Term) **(Answer Worksheet –10)** **Date: 24.08.2020**
Topic: अनुच्छेद लेखन **Class -3**

' नदी की आत्मकथा ' विषय पर एक अनुच्छेद लिखो ।

संकेत बिन्दु :-

- नदी के नाम
- नदी का स्वाभाव
- नदी का जन्म और अंत
- मार्ग की बाधाएँ
- नदी का उपयोग
- नदी का निवेदन

' नदी की आत्मकथा '

मैं नदी हूँ । मुझे अलग - अलग नामों से पुकारा जाता है । जैसे - सरि , सरिता , तटिनी आदि । मैं वैसे तो स्वभाव से चंचल हूँ , पर कभी - कभी धीमी हो जाती हूँ । पहाड़ों पर मेरी गति तेज होती है , पर मैदान में मेरी गति धीमी होती है ।

मेरा जन्म पहाड़ो में हुआ और वहाँ से मैं झरनों के रूप में आगे बढ़ती हूँ , फिर बहते बहते सागर में मिल जाती हूँ । मैं कभी बहुत पतले रास्ते से गुजरती हूँ , तो कभी , चौड़ी हो जाती हूँ । मेरे रास्ते में कंकड़ - पत्थर , चट्टानें जैसी बहुत सी बाधाएँ आती हैं ,पर मैं अपना रास्ता बनाती हुई सारी रुकावटों को पर करके आगे बढ़ती जाती हूँ । मेरे भीतर जीव - जन्तु है , इसीलिए मैं लोगों का पेट भरती हूँ , मैं प्यासों की प्यास बुझाती हूँ । खेंतो की सिंचाई करती हूँ और बिजली भी उत्पन्न करती हूँ ।

मैं सबको इतना कुछ देती हूँ पर इसके बदले आप लोग मुझे क्या देते हैं । मेरा हाथ जोड़कर निवेदन है कि मुझे गन्दा न करे । जिससे मैं सदियों तक आप लोगों की सेवा कर सकूँ ।

Poonam Mehra